तापमान
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 4 जून 2026

100 प्रतिशत बोर्ड परिणाम का लक्ष्य डीईओ ने ... 12



राजकीय स्कूलों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक ... 12



## खबर संक्षेप



### सीएम बहुउद्देशीय सभागार का कल करेंगे उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 5 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बने परीक्षा एवं बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री मंत्री आरती राव, सांसद नवीन जिंदल और पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी मौजूद रहेंगे।

### पंचायती भूमि पर खड़े 150 पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में पंचायती भूमि पर खड़े पॉपुलर के 150 पेड़ काटकर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि सूचना मिलने पर जांच की गई तो पंचायती भूमि से करीब 150 पॉपुलर के पेड़ कटे मिले, जिनकी कीमत लगभग 90 हजार रुपये आंकी गई है। जांच के दौरान पता चला कि गांव के ही जुल्फान और मोहम्मद ने पेड़ों को काटकर चोरी की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर के हुड्डा सेक्टर-17 थाना क्षेत्र से एक युवक शादी का झांसा देकर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को अपने साथ ले गया। लड़की के पिता ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उनकी बेटी दो जून को दोपहर करीब तीन बजे सेक्टर-18 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किसी काम से गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पता चला कि सेक्टर-17 निवासी दक्ष उसे शादी का झांसा देकर अगवा कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी दक्ष के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुआवजा राशि हड़पने का आरोप, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव दामला निवासी करनैलो देवी ने गांव औरंगाबाद निवासी कैलाश चंद पर बिजली लाइन के मुआवजे की राशि हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायत में उन्होंने बताया कि गांव औरंगाबाद स्थित उनकी जमीन के ऊपर से वर्ष 2025 में 132 केवी बिजली लाइन निकाली गई थी, जिसके बदले सरकार की ओर से मुआवजा दिया गया था। आरोप है कि कैलाश चंद ने धोखे से यह राशि अपने कब्जे में ले ली। जानकारी पर आरोपी से पूछताछ की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस में शिकायत दी गई। जांच के बाद पुलिस ने कैलाश चंद के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** शहर के खजूरी रोड स्थित करेड़ा चौक के पास चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की आनंद मार्केट भाटिया मोहल्ला निवासी अशोक कुमार भाटिया ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी करेड़ा चौक के पास दुकान है। वह 15 मई को दुकान का ताला लगाकर घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से करीब 49 हजार रुपये का सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

---

वाटर कूलर पर भैंसों को पानी पिलाने से रोका तो किया था हमला

# चार दिन बाद 15 आरोपियों पर केस एससी-एसटी एक्ट भी लगाया

- डंडों, ईंटों और लोहे के हथियारों से किया था हमला, 3 महिलाएं गंभीर रुप से घायल हुई थीं
- भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने एसपी से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की
- मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच कैंट डीएसपी को सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्राह्मण माजरा गांव में एक परिवार पर डंडों और ईंटों से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चार दिन बाद पंद्रह लोगों के खिलाफ केस द र्ज किया है। यहां पीने के पानी के सरकारी वाटर कूलर पर भैंसों को पानी पिलाने से रोकने पर विवाद हुआ था। हमले में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई थीं जिन्हें इलाज के लिए छावनी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।




पुलिस ने 15 नामजद आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट की धारा भी लगाई है। इस मामले में भीम आर्मी के नेता कमल बराड़ा, राजेश, सोहेल एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी अजीत सिंह शेखावत से अपील की कि इस मामले में दोनों पक्षों में से जो भी दोषी हों उनकी गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाए। दोनों पक्षों की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में ब्राह्मण माजरा की सविता ने बताया कि 29 मई की शाम करीब 6:30 बजे वह गली में लगे वाटर कूलर के पास खड़ी थी। इसी दौरान गांव के ही यक्षप और मोक्ष अपनी भैंसों को पानी पिलाने के लिए वहां पहुंचे। सविता ने उन्हें टोकते हुए कहा कि यह इंसानों के पीने का साफ पानी है। सुबह-शाम ही आता है इसलिए यहां पशुओं को पानी न पिलाएं। इस बात से नाराज होकर आरोपियों ने सविता को जातिसूचक गालियां दीं और धमकी देते हुए वहां से चले गए। शिकायत के अनुसार, कुछ ही देर बाद आरोपी यक्षप और मोक्ष अपने साथ कमल, रजत, नवीन, पारस, अनिल सहित करीब 13 अन्य युवकों को लेकर आए। सभी के हाथों में डंडे और लोहे के हथियार थे। आरोपियों ने आते ही सविता पर हमला कर दिया और उसके सिर व पीठ पर वार किए। सविता की चीख-पुकार सुनकर जब पड़ोसी महिला सरोज और दया रानी उसे बचाने दौड़ीं तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। आरोपियों ने सरोज की पीठ पर लाठियां बरसाईं और दया रानी के सिर पर ईंट दे मारी। इससे वे लहूलुहान हो गईं। शोर सुनकर जब पीड़ित परिवार के अन्य लोग बाहर आए तो आरोपियों ने पूरे घर पर पथराव शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल से आदेश अस्पताल रेफर किया गया है। महेश नगर थाना पुलिस ने पीड़ितों के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केस की आगामी जांच कैंट डीएसपी हितेश कुमार को सौंप दी गई है।

---

# 34 करोड़ के घटिया निर्माण में दो एक्सईएन और जेई सस्पेंड

- सीएम की समीक्षा बैठक में खुली पोल, गुणवत्ता में गंभीर खामियां उजागर, संजय कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट की नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

चंडीगढ़ में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सख्त रुख के चलते करनाल में 34 करोड़ रुपये के निर्माणाधीन जिला परिषद भवन में कथित धांधली पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पंचायती राज विभाग ने एक्सईएन परमिंदर सिंह, एक्सईएन नारायण दत्त और जेई रमेश चंद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। साथ ही निर्माण एजेंसी 'संजय कंस्ट्रक्शन कंपनी' को ब्लैकलिस्ट करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।जानकारी के अनुसार, क्वालिटी कंट्रोल टीम के औचक निरीक्षण में पिलरों, दीवारों और लेंटर में घटिया सामग्री के उपयोग तथा कई जगह सीमेंट उखड़ने और सरियों के बाहर दिखने जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई रिपोर्ट के बाद कार्रवाई के आदेश दिए गए।हालांकि, विभाग के एसई वीरेंद्र चौहान ने दावा किया कि तस्वीरों के एंगल के कारण गड़बड़ी अधिक दिखी, जबकि मौके पर स्थिति उतनी गंभीर नहीं थी। लेकिन सरकार इस सफाई से संतुष्ट नहीं है और विस्तृत रिपोर्ट के बाद एफआईआर सहित आगे की कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

---

# पार्सलों में नकली सामान भरकर कंपनी को 8 लाख की चपत, दो गिरफ्तार

ऑनलाइन ऑर्डर किए गए शैंपू व क्रीम की पैकिंग में की जाती थी हेराफेरी

- 8 पेटी सौंदर्य उत्पाद और कार बरामद, डिलीवरी बॉय और साथी ने 18 माह तक की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस ने पार्सल से असली सामान निकालकर नकली सामान भरकर धोखाधड़ी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना शहर थानेसर पुलिस ने पार्सल से असली सामान निकालकर नकली सामान भरकर धोखाधड़ी करने के आरोपी तिलक राज वासी बोहली बजीदपुर रोड कुरुक्षेत्र व हर्ष वाधवा वासी समाना जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में रविन्द्र वासी सोनीपत ने बताया कि वह एक कोरियर कंपनी में स्टेट हैड है उनका कंपनी का ब्रांच ऑफिस मोहन नगर कुरुक्षेत्र में है। उनकी कंपनी का काम ग्राहको द्वारा आनलाईन आर्डर किये गये सामान को कम्पनी से लेकर उनके घरों तक पहुंचाना है। उसका काम कंपनी में अंदरूनी फ्राड की जांच करना है। उनकी कम्पनी मे कुरुक्षेत्र ब्रांच मे हो रहे फ्राड के बारे मे अन्दरुनी तौर पर जांच चल रही थी। जांच में पाया गया कि कम्पनी में करीब 18 माह से डिलवरी बॉय का काम करने वाले तिलक राज वासी बोहली बजीदपुर रोड कुरुक्षेत्र व हर्ष वाधवा वासी समाना जिला पटियाला पंजाब के साथ मिलकर हमारी कम्पनी में हेराफेरी कर रहे हैं। आरोपी नामी कंपनी के सौन्दर्य उत्पाद शैम्पू व क्रीम के आर्डर देकर मंगवाता था। बुक किये गये आर्डर को डिलीवरी बॉय तिलक राज अपने घर लेकर जाता था और हर्ष वाधवा द्वारा दिये गये नकली उत्पादों को कम्पनी की पैकिगं मे बदलकर असल उत्पादों को अपने पास रख लेता था। नकली उत्पादों को कम्पनी को वापिस कर देता था। कंपनी द्वारा जांच में पाया गया कि 18 माह में कम्पनी 8 लाख 11 हजार 366 रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस टीम ने पार्सल से असली सामान निकालकर नकली सामान भरकर धोखाधड़ी करने के आरोपी तिलक राज वासी बोहली बजीदपुर रोड कुरुक्षेत्र व हर्ष वाधवा वासी समाना जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 8 पेटी सौन्दर्य उत्पाद व वारदात में प्रयोग गाड़ी बरामद की गई।

---

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया कपड़ों से भरा ट्रक, लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नूरवाला कुटानी रोड स्थित गैस गोदाम के पास आज उस समय हडक़ंप मच गया, जब आयातित वेस्ट कपड़ों से भरा एक ट्रक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। तारों से संपर्क होते ही ट्रक में अचानक आग लग गईए जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। विदेश से आयातित वेस्ट कपड़ों की खेप को एक गोदाम में पहुंचाया जा रहा था। ट्रक अधिक ऊंचाई तक लदा हुआ था। जैसे ही वह गैस गोदाम वाली गली में मुड़ाए ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से उसका संपर्क हो गया। शॉर्ट सर्किट के कारण कपड़ों में आग भडक़ उठी और पूरा ट्रक आग की लपटों में घिर गया। आग की तीव्रता के चलते ट्रक का एक टायर भी जोरदार धमाके के साथ फट गया। जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग बुझाने के लिए फायर विभाग की 10 से अधिक गाडय़ां मौके पर पहुंचीं। कपड़े में लगी आग को नियंत्रित करने के लिए सामान्य फायर टेंडरों के साथ विशेष फोम टेंडरों की भी सहायता ली गई। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के काफी समय बाद दमकल विभाग की गाडय़ां मौके पर पहुंचीं, जिसके कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर नियंत्रण पाया।

---

# गेहूं स्टॉक पर पानी डालने के मामले में खाद्य आपूर्ति इंस्पेक्टर सस्पेंड

विभागीय कार्रवाई पूरी होने तक निलंबन

- जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अंकुर जांगड़ा पर गिरी गाज
- मुख्यालय छोड़ने पर रोक नियमों के तहत मिलेगा निर्वाह भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गेहूं स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ने के मामले में गठित कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एक इंस्पेक्टर को सस्पेंड किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा महानिदेशक अंशज सिंह ने खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक अंकुर जांगडा को उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई लंबित रहने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन की अवधि के दौरान वे हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम 2016 के नियम 83 के अंतर्गत निर्वाह भत्ता के पात्र होंगे। उन्हें तब तक कोई निर्वाह भत्ता नहीं दिया जाएगा जब तक वे यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते कि उन्होंने निलंबन की अवधि के दौरान कोई सेवा या निजी व्यवसाय नहीं किया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आदेशानुसार निलंबन की अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सिरसा के कार्यालय में निर्धारित है। उन्हें जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सिरसा की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

---

# ब्रह्मसरोवर में स्नान करने आए व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मृतक कन्हैया लाल।

पुलिस को कन्हैया की डूबने से मौत की आशंका

ब्रह्मसरोवर में स्नान करने आए एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। श्रद्धालु ब्रह्मसरोवर में नहाने के लिए उतरा था। कुछ देर बाद वह बेसुध हालत में मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर उसे बाहर निकाला। बाद में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 49 साल कन्हैया लाल निवासी लुहसाना जिला मुजफ्फनगर यूपी के रूप में हुई है। कन्हैया लाल खेती-बाड़ी का काम करता था। कन्हैया 2 जून को अकेले कुरुक्षेत्र आया था और ब्रह्मसरोवर में स्नान करने पहुंचा था। पुलिस को कन्हैया की डूबने से मौत की आशंका है। हालांकि परिवार हार्ट अटैक से मौत की बात कह रहा है। मृतक के बड़े भाई वीरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि वह भारतीय सेना से रिटायर है। गांव के प्रधान रितेश राठी और पुलिस की तरफ से सूचना मिली थी कि उसका भाई कन्हैया लाल ब्रह्मसरोवर में स्नान कर रहा था। इस दौरान बेहोश हो गया है। सूचना मिलते ही परिवार एलएनजेपी अस्पताल पहुंचा, जहां इमरजेंसी वार्ड में उसके भाई का शव रखा पड़ा मिला। वीरेंद्र कुमार के मुताबिक, कन्हैया लाल मानसिक रूप से भी परेशान रहता था और उसे कम सुनाई देता था। उसका भाई शादीशुदा था और उसके 2 बेटे और एक बेटी है। उनको किसी पर कोई शक नहीं है। कन्हैया लाल की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका है।

---

कारोबारी पर फायरिंग मामला

# मुख्य आरोपी समेत चार लोग गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में कारोबारी पर फायरिंग के मामले में अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए टीम ने रोबिन उर्फ मोनू निवासी पट्टी शहजादपुर सहित अन्य आरोपियों को दबोचा।डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार ने बताया कि 31 मई 2026 की रात शाहबाद के जलेबी पुल के पास सुनील कुमार उर्फ बंटी पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चलाई थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले शाहबाद और बाद में मोहाली रेफर किया गया। शिकायत पर थाना शाहबाद में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था।पुलिस जांच में सामने आया कि पुरानी रंजिश के चलते रोबिन उर्फ मोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। हमले से पहले आरोपियों ने पीड़ित की रैकी की थी और अलग-अलग मोटरसाइकिलों का प्रयोग किया था। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी शुरू कर दी है।



---

पानीपत में घटना से हड़कंप

# सो रही युवती को सांप ने डसा, मौत

**पानीपत।** पानीपत के रजापुर गांव में खेतों में बने डेरे पर सो रही 18 वर्षीय युवती की जहरीले कॉमन क्रैत सांप के काटने से मौत हो गई। मृतका की पहचान सपना के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने सांप को मार दिया, जबकि गंभीर हालत में सपना को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सपना का परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश का निवासी है और करीब पांच वर्ष पहले रोजगार की तलाश में पानीपत आया था। परिवार रजापुर गांव के पास खेतों में बने अस्थायी डेरे में रहकर मजदूरी करता है। मंगलवार रात गर्मी के कारण परिवार के सभी सदस्य जमीन पर बिस्तर बिछाकर सो रहे थे। इसी दौरान एक जहरीला कॉमन क्रैत सांप वहां पहुंच गया और सो रही सपना को डस लिया। सांप के काटते ही सपना की तबीयत बिगड़ने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन जाग गए और पास में सांप को देखकर घबरा गए। परिजन तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन शरीर में जहर अधिक फैल जाने के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया।

---

उपभोक्ता आयोग ने निर्माता कंपनी को दोषी ठहराया, 77,327 रुपये वापस करने के निर्देश

तकनीकी जांच में स्कूटर में खामियां मिलीं, कंपनी सुनवाई में भी नहीं हुई पेश

# खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने पर कंपनी को कीमत लौटाने का आदेश

- कंपनी को स्कूटर की कीमत लौटाने और मुआवजा देने का आदेश
- मानसिक प्रताड़ना व मुकदमेबाजी खर्च भी देना होगा, 45 दिन में भुगतान नहीं करने पर ब्याज लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने के मामले में निर्माता कंपनी को दोषी ठहराते हुए स्कूटर की पूरी कीमत लौटाने तथा उपभोक्ता को मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग ने कहा कि उपभोक्ता को दोषपूर्ण उत्पाद देकर उसे बार-बार परेशानी में डालना अनुचित व्यापारिक व्यवहार की श्रेणी में आता है।

जानकारी के अनुसार गोबिंदपुरी निवासी अंजू बाला ने मई 2023 में जगाधरी स्थित श्री शाकुंभरी ऑटो एजेंसी से 77,327 रुपये में काइनेटिक ग्रीन जिंग बी मॉडल का इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा था। कुछ समय बाद ही स्कूटर की बैटरी में तकनीकी खराबी आ गई। जिसके कारण स्कूटर ठीक प्रकार से चलना बंद हो गया। डीलर द्वारा एक बार मरम्मत किए जाने के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई और अगस्त 2024 में स्कूटर फिर बंद हो गया।

अंजू बाला ने आरोप लगाया गया कि दोबारा संपर्क करने पर एजेंसी संचालक ने समस्या का समाधान करने के बजाय टालमटोल की। उसने कंपनी के टोल फ्री नंबर और अधिकारियों से भी संपर्क किया लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिला। इसके बाद कानूनी नोटिस भेजा गया और नवंबर 2024 में उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया गया।

सुनवाई के दौरान आयोग ने स्कूटर की तकनीकी जांच कराने के लिए प्रिंसिपल आईटीआई यमुनानगर से विशेषज्ञ नियुक्त करने के निर्देश दिए। विशेषज्ञ की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया कि स्कूटर कार्यशील स्थिति में नहीं है स्कूटर में तकनीकी स्तर पर गंभीर कमी रही है। इस दौरान आयोग द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया गया। मगर निर्माता कंपनी आयोग के समक्ष पेश नहीं हुई। आयोग ने आदेश दिया कि निर्माता कंपनी शिकायतकर्ता को स्कूटर की मूल कीमत 77,327 रुपये वापस करे। इसके अलावा मानसिक प्रताड़ना और मुकदमेबाजी खर्च के लिए साढ़े पांच हजा रुपये भी अदा करने होंगे।

आयोग ने आदेश के पालन के लिए 45 दिन का समय दिया है। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर कंपनी को आदेश की तारीख से भुगतान होने तक नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

---

# प्रतिबन्धित अल्प्राजोलम की 1800 गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार




यमुनानगर। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव संधाला से देर शाम एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध अल्प्राजोलम की 1800 गोलियां बरामद की है। आरोपी से बरामद इन गोलियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात एएसआई सुखदेव ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव संधाला के पास एक युवक प्रतिबंधित दवाइयां बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ गांव संधाला में मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अल्प्राजोलम की 1800 गोलियां बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान अजमल खान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### 34 लाख के सोने के लेनदेन में धोखाधड़ी

**करनाल।** शहर के मशहूर कुंजपुरा रोड स्थित हंस ज्वेलर्स के मालिक विजय कपूर के खिलाफ शहर थाना पुलिस ने अमानत में खयानत, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई जालंधर (बस्ती शेख) के स्वर्ण कारोबारी पंकज लुथरा की शिकायत पर लंबी जांच के बाद की गई है। शिकायतकर्ता पंकज लुथरा के अनुसार 34 लाख रुपये मूल्य के सोने का हिसाब मांगा, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पीड़ित ने अपनी बहन की शादी का हवाला देकर भी गिड़गिड़ाया, पर आरोपी ने माल लौटाने से साफ मना कर दिया।

### कॉलोनी के लिए प्रस्तावित भूमि का किया निरीक्षण

**इंद्री।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने संयुक्त रूप से इंद्री में बनने वाली न्यायिक एवं राजस्व आवासीय कॉलोनी की भूमि चयन के लिए उपलब्ध स्थानों का निरीक्षण किया। एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता व अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) उदय प्रताप उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित भूमि की भौगोलिक स्थिति और भविष्य की जरूरतों का आकलन किया। राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सुविधा के लिए किया जाना प्रस्तावित है।

### राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी

# वार्ड नं. 2-5-6 में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर, लोगों में आक्रोश




तरावड़ी। वार्ड नं. 2-5-6 के मुख्य मार्ग पर ओवरफ्लो होती नालियों के कारण सडक़ पर फैला गंदा पानी, परेशानी झेलते राहगीर। फोटो : हरिभूमि

**सड़क पर फैली गंदगी और बदबू से आसपास के लोगों का जीना हुआ दूभर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के वार्ड नं. 2-5-6 के मुख्य मार्ग पर नालियों के ओवरफ्लो होने से शहर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गालियों की मुख्य नालियां जाम होने से सड़क पर गंदा पानी जमा होने के कारण राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि काफी समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। वार्ड वासियों के अनुसार सुबह और शाम के समय सड़क पर पानी भर जाने से सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को होती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक गंदे पानी के कारण फिसलते-फिसलते बच जाते हैं। वहीं सड़क पर फैली गंदगी और बदबू से आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**शिकायत देने के बावजूद समस्या का नहीं स्थायी समाधान**

वार्ड के नरेन्द्र कुमार, शन्टी शर्मा, ओमप्रकाश, जयकुमार का कहना है कि कई बार नगर पालिका अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। नालियों में जमा कचरा और गाद के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे गंदा पानी सडक़ पर बह रहा है। इसके चलते क्षेत्र में मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई करवाई जाए और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूर होकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़ेगा।

# अखिल भारतीय महापौर परिषद की बैठक में शहरी विकास पर मंथन



- ऋषिकेश में शुरू हुई 117वीं बैठक, करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रखे सशक्त निकायों के पक्ष में विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं बैठक का बुधवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, परिषद की अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता सहित देशभर के महापौरों ने भाग लिया।उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगरों के सुनियोजित विकास, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और स्मार्ट सिटी अवधारणा को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के बीच नागरिक सुविधाओं को आधुनिक और जनहितकारी बनाना समय की आवश्यकता है।

**स्थानीय निकायों को अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता**

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंच शहरों की समस्याओं के समाधान और बेहतर प्रशासनिक मॉडल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्थानीय निकायों को अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने रेणु बाला गुप्ता के नेतृत्व और संगठन क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में परिषद देशभर के महापौरों को एक मंच पर जोड़कर शहरी विकास और नवाचारों को नई दिशा दे रही है। कार्यक्रम में करनाल भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने भी प्रतिभागियों को करनाल आने का आमंत्रण दिया।

# चावल एक्सपोर्टर्स ने सतीश गोयल को बनाया सदस्य

- कहा, चावल उद्योग को निर्यात क्षेत्र को नई गति मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तहत वाणिज्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर बोर्ड ऑफ ट्रेड (बीओटी) में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने 8 जुलाई 2022 की अधिसूचना को रद्द करते हुए 29 गैर-सरकारी सदस्यों की जगह अब विभिन्न क्षेत्रों से 40 नए सदस्यों को शामिल किया है। इनका उद्देश्य देश के निर्यात को बढ़ावा देना और व्यापार को मजबूत बनाना है।

**घरौंडा के सतीश गोयल को मिली जिम्मेदारी**

नए सदस्यों में ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश गोयल को भी शामिल किया गया है। वे देश में चावल उद्योग से जुड़े एकमात्र प्रतिनिधि हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बड़े उद्योगपतियों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर एक्सपोर्ट को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है।

**राज्यों को मिलेगा अपनी बात रखने का मंच**

गैर-सरकारी सदस्यों की जिम्मेदारी होगी कि वे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को व्यापार नीति पर अपनी बात रखने का मंच दें। इसके अलावा जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब विकसित करने में भी सहयोग करेंगे।

**समस्याएं सुलझाने व एक्सपोर्ट बढ़ाने पर जोर**

ये सदस्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हो रहे बदलावों की जानकारी राज्यों तक पहुंचाएंगे और एक्सपोर्ट रणनीति बनाने में मदद करेंगे।

**सरकार को देंगे नीति संबंधी सलाह**

सदस्य अलग-अलग सेक्टर के निर्यात की समीक्षा करेंगे और समस्याओं की पहचान कर समाधान सुझाएंगे। आयात-निर्यात प्रक्रियाओं को आसान बनाने और नियमों को सरल करने पर भी जोर रहेगा। देश के विदेशी व्यापार को मजबूत करने के लिए जरूरी सुझाव सरकार को दिए जाएंगे।

**उद्योगपतियों ने दी शुभकामनाएं**



शिव शक्ति इंटर ग्लोबल के निदेशक रमेश गुप्ता ने कहा कि यह फैसला निर्यात क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे व्यापारिक नीतियों में पारदर्शिता आएगी और उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। गैलेक्सी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विजय गोयल ने सतीश गोयल को बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव से देश के निर्यात को नई दिशा मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दविंदर सिंगला ने कहा कि यह नियुक्ति चावल उद्योग के लिए गर्व की बात है। इससे बासमती और अन्य चावल के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को भी लाभ पहुंचेगा। जी.वी. राइस एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रमोद बंसल ने कहा कि सरकार का यह कदम उद्योगों की समस्याओं के समाधान में सहायक होगा और निर्यातकों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। डबल चाबी बासमती चावल के निर्माता बृजभूषण गोयल ने भी सतीश गोयल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में चावल उद्योग नई ऊंचाइयों को छुएगा और भारत का नाम विश्व बाजार में और ऊंचा होगा।

### जेल में बंदियों को ड्रग्स सप्लाई करने वाला हेड वार्डर गिरफ्तार

**करनाल।** हरियाणा पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करनाल जिला जेल में तैनात हेड वार्डर सुनील कुमार को एनडीपीएस एक्ट और प्रिजन्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जेल के अंदर बंदियों को नशा सप्लाई करने वाले रैकेट में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया है। जांच में सामने आया कि सुनील कुमार, निवासी गांव मलिकपुर (सोनीपत), करनाल जेल कॉलोनी में ही रहता था और कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में यह अवैध काम करता था। यह मामला 28 नवंबर 2025 को थाना रामनगर में दर्ज केस से जुड़ा है, जिसमें पहले ही सात आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब तक इस रैकेट में आठ गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।




# तखाना में चला नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी हैं। इसी क्रम में थाना तरावड़ी क्षेत्र के गांव तखाना में पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने डोर-टू-डोर अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने लोगों को बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है तथा इससे परिवार और समाज दोनों पर नकारात्मक असर पड़ता है। अभियान के दौरान युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से नशे से दूर रहने, शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं नशा बेचने या सेवन करने जैसी गतिविधियों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस, हेल्पलाइन 1933 या डायल-112 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक ने जताई खुशी

- महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : जगमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



विधायक जगमोहन आनंद ने भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय से महिला कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा मिलेगी और संगठन को मजबूती प्राप्त होगी। विधायक ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भाजपा हरियाणा में संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी। जगमोहन आनंद ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा में मेहनत और समर्पण के आधार पर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने डॉ. अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### तीन दिवसीय योग शिविर में स्वास्थ्य और फिटनेस का दिया संदेश

**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के तत्वावधान में सेक्टर-33 स्थित नरसी विलेज में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। मिशन प्रमुख एवं योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है और नियमित अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त आराम को भी स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया। शिविर में बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अल्पीत भाटिया, नितिन अरोड़ा, हरगोविंद लाल, लता, तरन्नुम, कमलेश, रेखा, दीपा, सुदेश, सृष्टि, आरके ढींगरा, ओपी मिगलानी, बलदेव राज सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# जेल लोक अदालत में 9 मामलों का निपटारा, 9 बंदी हुए रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव, सीजेएम खुशबू गोयल तथा जेल अधीक्षक लखबीर सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान न्यायिक अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने जेल लोक अदालत का आयोजन किया, जिसमें रखे गए 10 मामलों में से 9 का मौके पर निपटारा कर 9 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। इस अवसर पर 'पर्यावरण सुरक्षा से नो टू प्लास्टिक' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने जेल परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर बंदियों के परिजनों से बातचीत की तथा उन्हें उपलब्ध कानूनी सहायता संबंधी जानकारी दी।



# आईटीआई दाखिलों के लिए आवेदन शुरू

- 15 जून तक कर सकेंगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



आईटीआई में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है और विद्यार्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न ट्रेडों में मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। वंडर वैली आईटीआई बड़ा गांव के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों का रुझान तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़ा है। संस्थान में कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक तथा हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर जैसी ट्रेडों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि निजी आईटीआई में पहले आओ-पहले पाओ और मेरिट के आधार पर दाखिले किए जाएंगे।प्रधानाचार्य जय भगवान ने बताया कि संस्थान में आधुनिक मशीनों और उपकरणों के माध्यम से उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाता है।

### भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी का दायित्व ग्रहण समारोह

# बृजमोहन गर्ग व पंकज गोयल ने संरक्षक के रूप में दायित्व संभाला

*नई टीम को पदभार ग्रहण करने हेतु अंगवस्त्र पहनाकर आमंत्रित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की ओर से रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल में भव्य दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री हंस जनरल एंड राइस मिल के सीएमडी प्रदीप गुप्ता एवं आर एल फूड्स के निदेशक रोशन लाल गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में शाखा की पिछली टीम द्वारा अपने तीन वर्षों के कार्यकाल का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। शाखा के प्रधान योगेश मिडडा तथा सचिव राकेश हंस ने अपने कार्यकाल के दौरान समाज हित में किए गए विभिन्न कार्यों एवं आयोजनों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि शाखा ने पिछले वर्षों में सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसके पश्चात नई टीम को पदभार ग्रहण करने हेतु अंगवस्त्र पहनाकर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र से प्रांतीय सदस्य अतुल गोयल एवं कपिल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भारत विकास परिषद के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यह संस्था वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और देशभर में अपनी पहचान बना चुकी है।

**नई टीम को विधिवत शपथ ग्रहण करवाया**

कार्यक्रम में नई टीम को विधिवत शपथ ग्रहण करवाई गई। साथ ही शाखा में 10 नए सदस्यों को भी शामिल किया गया, जिन्होंने भी शपथ ग्रहण की। नई टीम में संरक्षक के रूप में बृजमोहन गर्ग एवं पंकज गोयल, प्रधान के रूप में विजय सिंगला, सचिव मुकेश गर्ग, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता तथा महिला विभाग की अध्यक्ष के रूप में अंजू बंसल ने दायित्व संभाला। नई टीम के सदस्यों ने समाज हित के कार्यों को आगे बढ़ाने तथा शाखा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि तरावड़ी में लगभग 30-32 वर्ष पूर्व लगाया गया भारत विकास परिषद का छोटा सा पौधा आज एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे समाज सेवा के कार्यों को और अधिक विस्तार देंगे। कार्यक्रम के दौरान शाखा संयोजक राकेश हंस ने भी अपने विचार रखते हुए शाखा द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर मनोज चौधरी, संजय सिंगला, राकेश गर्ग, पीआर भारद्वाज, रामनिवास बंसल, संजय बंसल, मुकेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चे से कुकर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज - कम- फास्ट ट्रैक कोर्ट (पाक्सो) ने 10 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म करने के आरोपी रविन्द्र उर्फ संदीप निवासी गांव राजाखेड़ी जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी । वहीं अदालत ने दोषी रविंद्र पर 56 हजार रुपए का जुर्माना भी किया। स्मरणीय है कि रविंद्र के खिलाफ थाना किला पुलिस ने एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत पर उसके 10 साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने के आरोप में 4 फरवरी सन 2024 में केस दर्ज किया था वहीं पुलिस ने बच्चों की मेडिकल जांच कराई और उसके बयान दर्ज किया पुलिस ने आरोपी रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया था।

### मिड डे मील वर्कर्स का प्रदर्शन 10 को

**पानीपत।** मिड डे मील वर्कर यूनियन हरियाणा एआईयूटीयूसी के आह्वान पर 10 जून को मिड डे मील कार्यकर्ता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगी। यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल ने बताया कि कार्यकर्ता पहले सरकारी अस्पताल में एकत्रित होंगी और वहां से प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बावजूद मिड डे मील वर्करों का मानदेय पिछले कई वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत

**पानीपत।** पंजाबी हरियाणा एकता मंच के पदाधिकारियों ने भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता को नए दायित्व की जिम्मेदारी मिलने पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील तुली, प्रदेश सचिव सुरेश गुगलानी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील डावर, सुरेश दुर्गा, सुभाष अनेजा, संजीव भंडारी एवं सुभाष नारंग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने डा. अर्चना गुप्ता को सम्मानित करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाजहित के कार्यों को नई गति मिलेगी।

### शिक्षकों को बताई आधुनिक तकनीक

**पानीपत।** हरे कृष्णा इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बापौली में शिक्षकों के शैक्षिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए लर्निंग आउटकम्स एवं पेडागॉजी विषय पर इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद् एवं प्रशिक्षक निशांत बंसल ने संसाधन व्यक्ति के रूप में शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, छात्र.केंद्रित शिक्षण पद्धतियों और प्रभावी कक्षाशिक्षण रणनीतियों की जानकारी दी। विभिन्न गतिविधियों और चर्चाओं के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक एवं परिणामोन्मुख बनाने पर जोर दिया गया।

### अनोखा प्रदर्शन, हवनकुंड में जलाई मांगों की प्रतियां

**पानीपत।** सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों के समाधान में कथित लापरवाही के विरोध में बुधवार को नगर निगम कार्यालय के बाहर केसरिया हिंदुस्तान निर्माण संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश नारंग ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी विभिन्न शिकायतों की प्रतियों को हवन कुंड में समर्पित कर प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। वहीं, आरोप लगाया कि सीएम विंडो के माध्यम से भेजी गई शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

### स्वास्थ्य शिविर में 190 लोगों को दी दवाइयां

**समालखा।** जीवन विकास सेवा समिति की ओर से नरसिंह सदन, गुलाटी रोड पर निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अर्पणा अस्पताल मधुबन से आए नेत्र विशेषज्ञ डा.यतिक कुमार ने 160 मरीजों की आंखों की जांच की तथा सभी को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इनमें से 10 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अर्पणा अस्पताल मधुबन भेजा गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.प्रवेश चौधरी और उनकी सहयोगी रिया ने लगभग 30 मरीजों की जांच की।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशासन अलर्ट, सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

# एसआईआर में पारदर्शिता और जनभागीदारी जरूरी : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा ए. श्रीनिवासन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ए.श्रीनिवासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्य गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किए जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। वीडियो कांफ्रेंस में जिला सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल से अतिरिक्त उपायुक्त एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित चौकसे ने भाग लिया।

उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की सभी तैयारियां व्यवस्थित रूप से की जा रही हैं। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, निर्वाचन तहसीलदार सुरेंद्र तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



**पानीपत।** वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेते एडीसी अंकित चौकसे व अन्य अधिकारी।

## अपराध नियंत्रण पुलिस की पहली प्राथमिकता : एसपी



**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिला सचिवालय स्थित पुलिस सभागार में अपराध समीक्षा एवं अनुसंधान कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लंबित मामलों की जांच में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा में न्यायालय में चालान पेश करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि अपराधों की निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण जांच पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने गंभीर मामलों को प्राथमिकता से निपटानेए ई.साक्ष्य प्रणाली का प्रभावी उपयोग करने तथा पीड़ित पक्ष को जांच की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच में लापरवाही, अनावश्यक देरी और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समयबद्ध कार्रवाई से ही पीड़ितों को न्याय और आमजन का पुलिस पर विश्वास मजबूत होता है। बैठक में जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, क्राइम यूनिट प्रभारी और चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।


**पानीपत।** न्याय नहीं मिलने पर प्रदर्शन करते सरदार हरबेल मक्कड़ व अन्य ।

## समस्याओं का समाधान नहीं होने पर बुजुर्गों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

बुजुर्ग हरबेल सिंह मक्कड़ के साथ अभ्रद व्यवहार करने वाले निगम के अधिकारी की बार-बार शिकायत के बावजूद उन पर कार्रवाही नहीं होने व न्याय नहीं मिलने पर सीएम व विधानसभा अध्यक्ष से मांगा गया त्याग पत्र नहीं दिए जाने से नाराज सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान हरबेल सिंह मक्कड़ ने कहा कि गत दिनों पानीपत नगर निगम में एक अधिकारी द्वारा सडक़ घोटालबाजों को संरक्षण देने के लिए सरकार को गुमराह किया जा रहा है। उक्त अधिकारी द्वारा उनके खिलाफ आवाज उठाने पर उसके खिलाफ ही एक रिपोंट बनाई गई तथ उसके साथ बदतमीजी की गई। स.हरबेल सिंह मक्कड़ ने कहा कि अपने साथ हुए व्यवहार व अधिकारी के भ्रष्टाचार की शिकायत उच्च अधिकारियों व स्थानीय नेताओं को की गई पर समाधान नहीं हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी व विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण से न्याय मांगा था पर वह नहीं मिला। इसलिए अब सीएम नायब सैनी तथा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण को अपने पद से त्याग पत्र दे देना चाहिए।

प्रदर्शन में बलबीर सिंह, गुलशन सपड़ा, राकेश गोयल, रमेश शर्मा, सुरजीत कुमार व रोशन लाल आदि मौजूद रहे।

## विश्व साइकिल दिवसः राइड में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हुए शामिल, उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

विश्व साइकिल दिवस पर पानीपत साइकिल क्लब एवं डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स अथॉरिटी के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल टाउन स्थित शिवाजी पार्क से साइकिल राइड का आयोजन किया गया। राइड को जिला खेल अधिकारी सत्यवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राइड में 7 वर्ष के एक छोटे बच्चे उद्दीश से लेकर 67 वर्षीय जस्मीर सिंह तक ने भाग लिया। क्लब के प्रधान बृजमोहन शर्मा ने बताया कि क्लब हर वर्ष विश्व साइकिल दिवस पर इस प्रकार की राइड आयोजित करता है। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि प्रदूषण और ईंधन की खपत भी कम होती है। राइड के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


**पानीपत।** साइकिल राइड में भाग लेते क्लब के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## युवा पीढ़ी को देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को पांच दिवसीय सार्वदेशिक आर्यवीर दल शिविर के तीसरे दिन शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि जी के द्वारा वैदिक यज्ञ के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने काय्रकम की अध्यक्षता करते हुए शिविर में पहुंचने पर मुख्य अतिथि राजेश आर्य आहूजा और हरचरणदास अरोड़ा का पुष्प माला द्वारा अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि राजेश आहूजा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को एक सभ्य और जिम्मेदार नागरिक बनकर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। आचार्य राज कुमार शर्मा ने आर्य वीरों को जीवन में नैतिक मूल्यों को धारण करने और देशसेवा के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं शिक्षक शिवम और प्रेमपाल शास्त्री ने बच्चों को सर्वांगसुंदर और सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया। वहीं प्रबंधक समिति के प्रधान भारत भूषण व मैनेजर अजय गोयल शिविर में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्राचार्य मनीष ने शिविर में पहुंचने पर प्रबंधक समिति का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि शिविर में भाग लेने वाले बच्चों का पूरा ध्यान रखा जाता है और बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाती है। उपसंचालक सुरेश आर्य ने स्कूल के अध्यापक प्रवीण वर्मा का अभिनंदन किया।


**पानीपत।** शिविर में आर्यवीरों को संबोधित करते राजकुमार शास्त्री।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरुण खुराना कोषाध्यक्ष, राजेश आर्य मंडलपति, सुनील बतरा मंडलसचिव, अशोक अरोड़ा, तीर्थराम, प्रशांत व रघुबीर दत्त आदि मौजूद रहे।

## पुरुषोत्तम मास अंतर्मन को शुद्ध करने वाला : शास्त्री


**पानीपत।** कथा सुनते आयोजक व श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाऊन में चल रही पुरुषोत्तम मास मलमास कथा के अठारहवें दिन व्यास पीठ से कथा वाचक प. बृजकिशोर शास्त्री ने बताया राजा दृढ़धन्वा बहुत प्रतापी और धर्मात्मा थे, लेकिन उन्हें अपने पुण्य और ऐश्वर्य पर थोड़ा अहंकार हो गया था। जब पुरुषोत्तम मास आया तो उन्होंने अनजाने में इसकी अवहेलना कर दी और इसका व्रत व पूजन नहीं किया। इस भूल के कारण उन्हें अगले जन्म में घोर कष्ट उठाने पड़े और बाद में जब उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ तब उन्होंने पुरुषोत्तम मास का विधि.विधान से व्रत किया। मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि भगवान के किसी भी रूप या पवित्र समय का अनादर नहीं करना चाहिए।

## बच्चों को सनातन संस्कार दें : पांचाल



**पानीपत।** शिविर में पहुंची पार्षद कोमल पांचाल को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा श्रीराम धर्मशाला में तृतीय निःशुल्क बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह के बुधवार को तीसरे दिन मुख्य अतिथि पार्षद कोमल पांचाल रही। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में योगा शिक्षिका वीरा गोयल रही। पार्षद कोमल पांचाल ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चों में ऐसे शिविरों के माध्यम से संस्कार जागृत करने का काम किया जाता है। जिसके लिए श्री राम सेवा दल बधाई का पात्र है। इसके लिए दल उनके जिम्मे जो भी डयूटी लगाएगा वह उसे पूरा करेंगी। शिविर के चेयरमैन भूषण मदान ने बताया कि दस दिवसीय शिविर में बच्चों को प्रर्यावरण जागरूकता, मनोरंजक खेल एवं मेंहदी आर्ट एण्ड क्राफ्ट सिखने के भी अवसर मिल रहे हैं। महिला विंग की प्रधान पायल वधवा ने हनुमान जी की महिमा बताते हुए सुन्दर काण्ड के बारे भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, यूथ विंग के प्रधान बंटी पुनानी व के अलावा तिलक राज छोकरा, राम स्वरूप चावला, गौरव छोकरा, सुंदर लाल वधवा, अविनाश पुनानी, राकेश आंनद, दीपक वधवा, प्रिंस सोनी, गगन आनंद, प्रिंस मोंगिया, मनोज चुघ, राजन छौक्करा, काजल आंनद, शालू वधवा, गीतांजली आंनद, हिमानी खुराना, प्रीति वधवा, दामिनी दूमड़ा, शिल्पा नागपाल, बिंदिया, गीतू सचदेवा व डिंपल आंनद आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार ने कई को मारी टक्कर, पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के व्यस्त सुभाष बाजार में मंगलवार दोपहर एक कार चालक की लापरवाही से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मारुति कार चला रहे व्यक्ति ने भीड़भाड़ वाले बाजार में तेज गति से वाहन दौड़ा दिया, जिससे कई दोपहिया वाहन और रेहड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाजार में सामान्य दिनों की तरह काफी भीड़ थी। इसी दौरान एक मारुति कार अचानक बाजार में प्रवेश कर गई और चालक ने संकरी गलियों व भीड़ की परवाह किए बिना तेज रफ्तार से वाहन चलाना शुरू कर दिया। कार की चपेट में आने से रास्ते में खड़े कई वाहन और रेहड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। अचानक हुई इस घटना से बाजार में हडक़ंप मच गया और लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि चालक साधु के वेश में था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह नशे की हालत में दिखाई दे रहा था। बाजार में आगे बढ़ने के दौरान संकरी गली में कार फंस गई, जिसके बाद दुकानदारों और आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया। घटना से नाराज लोगों ने चालक को कार से बाहर निकाल लिया और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पूरे घटनाक्रम की तस्वीरें और वीडियो बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक से पूछताछ की। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। घटना के बाद बाजार के व्यापारियों ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही पर सख्ती से नियंत्रण रखने की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**कार्यक्रम** ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति धाम के तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

# बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग


**कुरुक्षेत्र।** प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करते अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विश्व शांति धाम में 1 से 3 जून तक आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन उत्साह, उमंग और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। समापन समारोह में नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर बी. डी. गाबा तथा प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने ईश्वरीय सौगात भेंट कर अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। समर कैंप के अंतिम दिन लगभग 125 बच्चों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत आध्यात्मिक गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई।

**बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास**

हमें किसी की परवाह नहीं, बाबा से है जिंदगी, बाबा से है बंदगीह्व गीत पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना था। तीन दिनों तक बच्चों को नैतिक मूल्य, अनुशासन, आज्ञापालन, एकाग्रता, सकारात्मक सोच, बड़ों का सम्मान तथा आध्यात्मिक जीवन शैली जैसे विषयों पर प्रेरणादायक जानकारी दी गई। रोचक गतिविधियों, खेलों एवं प्रेरक वीडियो के माध्यम से बच्चों को जीवन में सफलता के सूत्र सिखाए गए। बच्चों को ईश्वर का यथार्थ परिचय देते हुए बताया गया कि सभी धर्मों का परमपिता एक ही है, जिसे विभिन्न धर्मों में अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। साथ ही उन्हें क्रोध, आलस्य, झूठ और अन्य बुराइयों से दूर रहकर श्रेष्ठ संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी गई। कैंप के दौरान आयोजित विशेष गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सुनने, समझने और सकारात्मक सोच विकसित करने की शिक्षा दी गई। बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने इस शिविर से जीवन को बेहतर बनाने वाली अनेक शिक्षाएं प्राप्त की हैं। प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा ने कहा कि बच्चों का वास्तविक विकास केवल शिक्षा से नहीं, बल्कि संस्कारों और नैतिक मूल्यों से होता है। उन्होंने कहा कि यह समर कैंप बच्चों को जीवन की सही दिशा देने वाला एक उत्कृष्ट प्रयास है। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर बी. डी. गाबा ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के इस निःशुल्क समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सकारात्मक सोच और श्रेष्ठ संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अगले वर्ष अपने विद्यालय के अधिकाधिक विद्यार्थियों को इस शिविर में भेजने की घोषणा भी की।

## पानीपत में नाबालिग से दोस्ती कर दुष्कर्म किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

थाना किला क्षेत्र के अंतर्गत एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर घर से बुलाने और उसकी मर्जी के बिना उसके साथ रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी की पहचान कुटानी रोड, पहलवान चौक निवासी समीर के रूप में हुई है। वारदात की जानकारी तब हुई जब परिजनों ने लापता बेटी को ढूंढ निकाला और पीड़िता ने आपबीती सुनाई। किला थाना पुलिस ने पीडिता की मां की लिखित शिकायत के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किला थाना पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी शहर के ही एक स्कूल में पढ़ाई करती है। करीब 6 महीने पहले जब वह स्कूल आ जा रही थी, उसी दौरान उसकी मुलाकात कुटानी रोड, पहलवान चौक निवासी समीर नाम के लड़के से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच जान-पहचान बढ़ गई और दोनों के बीच मोबाइल फोन पर भी बातचीत होने लगी। शिकायत के अनुसार 29 मई को घर में किसी बात को लेकर नाबालिग लड़की की अपनी मां से कुछ कहासुनी या नोकझोंक हो गई थी। इसी बात से नाराज होकर वह परिजनों को बिना कुछ बताए चुपचाप घर से कहीं चली गई। काफी देर तक भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने अपने स्तर पर सगे-संबंधियों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन करने के बाद नाबालिग लड़की कुटानी रोड पर पहलवान चौक के पास स्थित आरोपी समीर की बहन के घर पर मिली। अपनी बेटी को सकुशल वापस पाकर जब मां और परिवार के लोग उसे घर लेकर आए और उससे गहनता से पूछताछ की तो पीड़िता रोने लगी। उसने रोते हुए अपनी मां को बताया कि आरोपी समीर उसे बहला-फुसलाकर वहां लेकर गया था और वहां उसने उसकी मर्जी के बिना उसके साथ जबरन रेप किया।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**प्रार्थीया श्रीमति आरती बजाज पत्नी श्री सुनील बजाज निवासी मकान नं.753, नजदीक शिव मंदिर, न्यू रमेश नगर, तहसील कैम्प, जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि आरती बजाज पत्नी श्री सुनील बजाज निवासी मकान न0 753, नजदीक शिव मन्दिर न्यू रमेश नगर तहसील कैम्प पानीपत जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थीया की माता श्रीमति कौशल्या पत्नी श्री धर्मपाल हुरिया पुत्र श्री बुटा राम का स्वर्गवास दिनांक 18/01/2026 को हो चुका है। यह कि प्रार्थीया की माता श्रीमति कौशल्या के देहान्त के बाद उनके चार जायज वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है जिसकी वारसान की तसदीक नगरनिगम पानीपत पार्षद श्री जयदीप, पार्षद (वार्ड न0 05. पानीपत) व मौका पुछताछ में पटवारी व नम्बरदार द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारिसों की तसदीक की गई है- 1- आरती बजाज, 2-इन्दु रानी, 3-वन्दना, 4 मन्जू बाला पुत्रीयान कुल चार जायज वारिस स्व0 श्रीमति कौशल्या पत्नी श्री धर्मपाल हुरिया पुत्र श्री बुटा राम है। कौशल्या पत्नी श्री धर्मपाल हुरिया के स्वर्गवास के बाद उपरोक्त वारिसों के अलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की माहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.289 है।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल से कीमती तांबे के तार और ग्रिप चोरी

**शहजादपुर।** इलाके में एक किसान के ट्यूबवेल से कीमती सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने ट्यूबवेल का ताला तोड़कर वहां से तांबे के तार और अन्य उपकरण उड़ा लिए। गांव पतरेहड़ी के रहने वाले संजीव कुमार ने बताया कि बीते 31 मई 2026 की शाम को वह अपने खेत में गए थे और ट्यूबवेल के कमरे को ताला लगाकर सुरक्षित अपने घर वापस आ गए थे। अगली सुबह जब वह दोबारा खेत पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि ट्यूबवेल के कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि चोरों ने वहां से 10 एमएम की केबल और स्टार्टर से ग्रिप वाली सभी तारें चोरी कर ली थीं।

### साइकिलिंग बेहद लाभकारी: डॉ. प्रवीण

**शहजादपुर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने खूब साइकिल चलाई। इस दौरान दशकों से साइकिल को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने वाले लोगों ने खुलकर इसका समर्थन किया। उनका मानना है कि नियमित साइकिल चलाने की आदत ने उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नागरिक अस्पताल नारायणगढ़ के एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने भी साइकिलिंग को बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभकारी बताया है।

### 15 ग्राम हेरोइन व स्कूटी के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अंबाला।** नशा तस्करों और ड्रग्स माफिया के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'ऑपरेशन मैदान' अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सैल ने 15 ग्राम अवैध हेरोइन (स्मैक) सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। एएनसी की टीम ने मखबिर खास की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पालिका विहार मोड़ के पास जाल बिछाया और संदिग्ध आरोपी परविंद्र कुमार उर्फ पंकज को काबू कर लिया। जब आरोपी की तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी परविंद्र कुमार उर्फ पंकज के खिलाफ थाना अंबाला शहर में मादक पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

# 100 प्रतिशत बोर्ड परिणाम का लक्ष्य डीईओ ने तैयार की व्यापक कार्ययोजना

## वीसी से प्रत्येक बिंदू को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज >>| अंबाला

सरकारी विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा परिणामों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सत्र 2026-27 के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इस संबंध में जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) और क्लस्टर प्रमुखों के साथ वीसी के जरिए उन्हें योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रत्येक बिंदू को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। डीईओ ने बताया कि सत्र 2025-26 में जिले के सरकारी विद्यालयों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कक्षा 12 के 106 तथा कक्षा 10 के 54 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। जीएमएसएसएस नन्योला की छात्रा अनहद कौर अंटाल ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश के सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जीएमएसएसएस शहजादपुर की छात्रा वृंदा ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं कक्षा में राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया।



अंबाला। वीसी के जरिए अधिकारियों की मीटिंग लेते डीईओ सुधीर कालड़ा।

### 98 विद्यालयों का प्रदर्शन औसत से बेहतर

डीईओ ने बताया कि कक्षा 10 का जिला परीक्षा परिणाम 90.43 प्रतिशत रहा जो बोर्ड के 89.60 प्रतिशत औसत परिणाम से अधिक है। जिले के 155 सरकारी हाई एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में से 40 विद्यालयों ने शत-प्रतिशत परिणाम दिया, जबकि 95 विद्यालयों का परिणाम बोर्ड औसत से कम नहीं रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 का परिणाम 83.84 प्रतिशत दर्ज किया गया। जिले के 100 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में से 3 विद्यालयों ने 100 प्रतिशत परिणाम दिया तथा 58 विद्यालयों का परिणाम बोर्ड के सामान्य परिणाम के बराबर या उससे अधिक रहा। जीएसएसएस बधौली, जीएसएसएस बड़ागांव, पीएम श्री जीजीएसएसएस शहजादपुर, जीएसएसएस कलेरां तथा पीएम श्री जीजीएसएसएस नारायणगढ़ जिले के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में शामिल रहे। डीईओ ने कहा कि आगामी सत्र में इन उपलब्धियों को और आगे बढ़ाने के साथ-साथ कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों की विशेष निगरानी कर उनमें शैक्षणिक सुधार के लिए अलग रणनीति अपनाई जाएगी।

### विभाग गंभीरता के साथ कार्य कर रहा

डीईओ सुधीर कालड़ा ने कहा कि सामूहिक प्रयास, नियमित मॉनिटरिंग और नवाचार आधारित शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में 100 प्रतिशत बोर्ड परिणाम हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है।

### कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष फोकस

सुधीर कालड़ा ने बताया कि कार्ययोजना के तहत शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में स्थानीय स्तर पर समायोजन किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर ऑनलाइन शिक्षण सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, नियमित अभ्यास परीक्षाएं आयोजित करने, अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगाने, अभिभावक-विद्यार्थी काउंसलिंग करने तथा कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले विद्यालयों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जबकि 75 प्रतिशत से कम परिणाम वाले विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम में डीईओ, डीईईओ, उप जिला शिक्षा अधिकारी, डीआईईटी, बीईओ एवं अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे, जो समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे।

### आधारभूत सुविधाओं की तैयारियां

बैठक में सभी स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए गए कि वे विद्यालयों में पीने के पानी, शौचालय, बिजली तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था ग्रीष्मावकाश के दौरान ही सुनिश्चित करें। साथ ही माइनर रिपेयर, रंग-रोगन और सफेदी जैसे कार्य भी समय रहते पूरे किए जाएं। इन कार्यों के लिए विद्यालय प्रमुख बिना किसी विभागीय अनुमति के विद्यालय निधि से एक लाख रुपये तक की राशि खर्च कर सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बजट की मांग भी की जा सकती है। ग्रीष्मावकाश के अंतिम सप्ताह में विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों, प्रयोगशालाओं और पानी की टंकियों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएं, ताकि एक जुलाई को विद्यालय खुलने पर विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि पानी की टंकी की सफाई प्रत्येक मास के अंतिम सप्ताह में अवश्य रूप से की जाए और एक रजिस्टर में पानी की टंकी की सफ़ाई का रिकॉर्ड कायम रखा जाए। कालड़ा ने बताया कि जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों के सफल प्रयासों और नवाचारों को अन्य विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अच्छे प्रयोगों को पूरे जिले में लागू किया जा सके। इन उपलब्धियों और नवाचारों को जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित द्वैमासिक ई-पत्रिका 'निपुण पथ' में भी स्थान दिया जाएगा, जिससे शिक्षक एवं विद्यालय एक-दूसरे से सीखकर बेहतर परिणाम हासिल कर सकें।



अंबाला। शिविर में योग करते लोग। फोटो: हरिभूमि

# सकारात्मकता को बढ़ावा देने के लिए हास्य योग बेहद जरुरी

- एसए जैन मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में योग शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज >>| अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल में भारतीय योग संस्थान के सहयोग से आयोजित तीन-दिवसीय योग जागरूकता शिविर उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य योग के अभ्यास के माध्यम से शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और एक संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देना था। अंतिम दिन की शुरुआत सारिका के गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और मेहमानों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सारिका, डॉ. रितु और अधिरा द्वारा नवकार मंत्र के जाप से हुई। इसके बाद गायत्री मंत्र का पाठ किया गया जिससे एक शांत और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ। योग सत्र में विभिन्न गतिविधियां और अभ्यास शामिल रहे। इनमें जैसे कि हास्य योग, सूर्य नमस्कार, आँखों के व्यायाम, ध्यान और विभिन्न ध्यान मुद्राएं शामिल रही। इनका संचालन भारतीय योग संस्थान के सदस्यों द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और इसके अनेक स्वास्थ्य लाभों का अनुभव किया।

### स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

समारोह में, स्कूल प्रबंधक समिति के सदस्यों ने योग संस्थान की टीम को उनके समर्पित प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। योग संस्थान ने भी शिविर के आयोजन में स्कूल के सहयोग और समर्थन को मान्यता देते स्कूल को प्रशंसा का प्रतीक भेंट किया। मैनेजर रितेश जैन ने पूरे शिविर के दौरान दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए योग संस्थान की टीम की सराहना की। विशेष रूप से तनाव कम करने व दैनिक जीवन में सकारात्मकता को बढ़ावा देने में हास्य योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन एक वैदिक प्रार्थना के साथ हुआ समापन समारोह के एक भाग के रूप में, सभी प्रतिभागियों के बीच दूध और केले से युक्त 'प्रभावना प्रसाद' वितरित किया गया। यह शिविर स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने और दैनिक जीवन के एक अभिन्न अंग के रूप में योग के महत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में सार्थक पहल साबित हुआ। प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, सलाहकार रविकांत जैन एवं प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# आईटीआई नोहनी में दाखिला प्रक्रिया शुरू, 236 सीटों पर मिलेगा एडमिशन

- छात्रों को प्रोत्साहित करने के मकसद से ट्यूशन फीस से मिलेगी पूरी माफी

हरिभूमि न्यूज >>| बराड़ा

मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नोहनी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 2 से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए संस्थान परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहां आवेदन संबंधी जानकारी और सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। संस्थान में इस सत्र के दौरान कोपा, स्टेनो हिंदी, कटिंग एंड सिलाई, कॉस्मेटोलॉजी, एसओटी, फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, वेल्डर तथा मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग (आर एंड एसी) सहित विभिन्न रोजगारपरक ट्रेडों में कुल 236 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे।



आईटीआई नहोनी का बाहरी दृश्य।

# सर्वे के दौरान मतदाताओं को मिलेगा एन्यूमरेशन फार्म, भरने के बाद मतदाता के करवाने होंगे साइन

- मुख्य चुनाव अधिकारी ने वीसी के जरिए अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज >>| अंबाला

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों एवं तैयारियों की जानकारी करते हुए इस कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया हुआ है। इस कार्यक्रम के तहत बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करेंगे। इस फार्म को मतदाता साईन सहित भरना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के दृष्टिगत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेने के साथ-साथ बीएलओ को प्रशिक्षण दिलवाना सुनिश्चित करवाएं ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का सभी जगहों पर सफलतापूर्वक आयोजन हो सके। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जो शैडयूल जारी किया गया है उसके तहत काम किया जा रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। इस कार्य में अधिकारियों का अहम योगदान रहेगा। राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी अपने बूथ लेवल एंजैट लगाना सुनिश्चित करे ताकि इस कार्य को बेहतर ढंग से करते हुए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को किया जा सके।



अंबाला। वीसी के जरिए अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते मुख्य चुनाव अधिकारी।

# बनौंदी में बांध की सुरक्षा के लिए चल रहा कार्य

- एसडीएम ने बरसाती सीजन को देखते बाढ़ से सुरक्षा बंदोबस्त के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज >>| शहजादपुर

बरसाती सीजन को देखते हुए एसडीएम शिवजीत भारती ने बुधवार को सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न बाढ़ सुरक्षा एवं संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगामी मानसून सीजन से पहले सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने की बात कही। इस अवसर पर सिंचाई विभाग की एसडीओं शिखा बंसल भी मौजूद रही। एसडीएम ने गांव बनौंदी में बांध की सुरक्षा के लिए किए जा रहे स्टोन स्टेनिंग (पत्थर जड़ाई) कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा गांव नगांवा में डेरा एवं कृषि भूमि को बाढ़ से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से किए जा रहे सुरक्षा कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने गांव डेहर, चमेल माजरा तथा शाहपुर में चल रहे बाढ़ संरक्षण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कालाआंब स्थित रामबाग कॉलोनी में निर्माणाधीन रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) का भी निरीक्षण किया। गत वर्ष बाढ़ के दौरान इस क्षेत्र में कटाव हुआ था जिसके चलते स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए यहां सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य किया जा रहा है।



शहजादपुर। एसडीएम भारती संभावित बाढ़ से बचाव के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

### सूरजमुखी की फसल के लिए पंजीकरण शुरू

**नारायणगढ़।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) शिवजीत भारती ने बताया कि हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सूरजमुखी की फसल के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा (एमएफएमबी) पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है। यह निर्णय उन किसानों की सुविधा के लिए लिया गया है जो निर्धारित तिथि तक अपनी फसल का पंजीकरण नहीं करवा सके थे और अब अपनी उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि जिन किसानों ने चालू सीजन में सूरजमुखी की फसल बोई है लेकिन पंजीकरण नहीं कराया वे लिखित मेंआवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।



### विधायक ने सुनीं जनसमस्याएं

**शहजादपुर।** विधायक शैली चौधरी ने स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक शैली चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है तथा जनसुनवाई कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस दौरान चौधरी वीरेंद्र सोमा, मामचंद मुकंदपुर, संदीप नखडोली, सदस्य नरेंद्र शर्मा ,राजिंद्र छिल्लर, राजेंद्र, जय कुमार राणा, नसीब सिंह, डॉक्टर रामकुमार, राजकुमार धीमान, मुल्क राज, मूल खान, चंद्रशेखर सरपंच, अमित सरपंच, नीरज शाहपुर अध्यक्ष,शीशपाल पंजलासा आदि मौजूद थे।

### पांच माह में 199 गैर-जमानती वारंटी और 50 भगोड़े गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के लिए पिछले 5 महीनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस ने 1 जनवरी से 31 मई तक चलाए विशेष अभियान के तहत अंबाला पुलिस ने रिकॉर्ड कार्रवाई करते हुए 199 गैर-जमानती वारंटियों को सलाखों के पीछे भेजा है। 50 घोषित अपराधियों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है, जो लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अंबाला पुलिस का सूचना तंत्र अब पहले से कहीं अधिक मजबूत और सक्रिय है।



### शिव के पंचाक्षरी मंत्र का जाप करें

**अंबाला।** जीटी रोड. मोहड़ा स्थित मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 5 दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। श्री आंजनेय चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 30 मई से आरंभ आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पांच दिवसीय समारोह में श्री रामचरितमानस पाठ एवम रूद्राभिषेक और मां भगवती के शतचंडी पाठ आयोजित किए गए। तत्पश्चात हवन का आयोजन किया गया। समारोह में हनुमान का विशेष अभिषेक भी किया गया। स्वामी पूर्णानंद गिरि महाराज ने भगवान शिव की महिमा बताते कहा कि भगवान सदाशिव तो महादानी हैं जो अपने भक्तों को सहर्ष वरदान दे देते हैं। कहा भगवान शिव की शरण में जाने से उनके नाम रूपी महामंत्र का निरंतर जाप करने से भगवान महादेव ने मारकंड़ेय को अभय दान दे दिया।

**बैठक** शिक्षा के मंदिरों को संवारने की पहल, तैयार हो रहा मास्टर प्लान:असीम गोयल

# राजकीय स्कूलों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और आधुनिक सुविधाएं मिलनी चाहिए

बेहतर सुविधाओं के साथ स्कूलों को मिलेगा मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर

हरिभूमि न्यूज >>| अंबाला

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का काम शुरू हो रहा है। शिक्षा के मंदिरों को बेहतर बनाने, सौंदर्यीकरण तथा विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशानुसार अंबाला शहर स्थित शिक्षा सदन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा एवं पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने संयुक्त रूप से की। इस बैठक में अंबाला शहर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्य और हेड टीचर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सरकारी स्कूलों की वर्तमान व्यवस्थाओं और आवश्यकताओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें स्कूलों में अतिरिक्त कमरों की जरूरत, सफाई व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, कंप्यूटर सुविधा, शैड निर्माण, लैब, ड्यूल डेस्क, विद्यार्थियों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर स्कूल प्रमुखों से सुझाव लिए गए।



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद सरकारी स्कूलों के मुखिया। फोटो: हरिभूमि

### विशेष ध्यान दिया जाएगा

बैठक में सभी स्कूलों की आवश्यकताओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया जिसे पूर्व मंत्री असीम गोयल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद इन जरूरतों को पूरा करवाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष भी रखा जाएगा ताकि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में आवश्यक सुधार कार्यों को गति मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा और रितेश गोयल ने कहा कि पूर्व मंत्री असीम गोयल की सोच हमेशा से यही रही है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक माहौल और आधुनिक सुविधाएं मिलनी चाहिए। मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर व्यवस्थाएं बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ सौंदर्यीकरण और सकारात्मक वातावरण तैयार करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थी बेहतर माहौल में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

### दुकानदार से धोखाधड़ी कर 'नोटों का हार' ठगने वाले तीन दबोचे

**अंबाला।** पुलिस ने तकनीकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार के साथ धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गूगल पे पर फर्जी भुगतान का झांसा देकर दुकान से 5,000 का नोटों का हार ठगा था। पकड़े गए आरोपियों में से एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। शिकायतकर्ता अशोक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गत 10 मई 2026 को कुछ लड़के उनकी दुकान पर आए। उन्होंने शादी-समारोह के लिए 5,000 की वैल्यू वाला 'नोटों का हार' किराए पर लिया। डील के मुताबिक आरोपियों को 5,000 सिक्योरिटी और 1,000 किराया मिलाकर कुल 6,000 का भुगतान करना था। आरोपियों ने दुकानदार को झांसा दिया कि उन्होंने 'गूगल पे' के माध्यम से 6,000 ट्रांसफर कर दिए हैं। आरोपी हार लेकर रफूचक्कर हो गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005